

# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले शैक्षिक संवाद को लेकर डाइट श्योपुर में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में तीनों विकासखंड के 58 सहजकर्ता द्वारा सहभागिता की गई।

डाइट प्राचार्य राघवेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि जन शिक्षा केंद्रों पर प्रतिमाह शैक्षिक संवाद आयोजित किये जा रहे है। उक्त आयोजन से पूर्व कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 के शैक्षिक संवाद हेतु डाइट स्तर पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया है।

मास्टर ट्रेनर के रूप में संतोष शर्मा एवं दिनेश शर्मा द्वारा पुनरावलोकन एवं समीकरण विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाकर जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद में उक्त विषय पर शिक्षकों के साथ संवाद आयोजित करने हेतु गतिविधियां संपन्न कराई गई जिसमें एक कक्षा की रोचक शुरुआत कैसे होती है बच्चों के लिए प्रभावी गृह कार्य किस प्रकार दिया जाना चाहिए तथा किए गए कार्य का पुनरावलोकन और विषय वस्तु का समेकन किस प्रकार किया जाता है पर विस्तृत रूप से समझाया गया। राजेश त्रिवेदी प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा शिक्षकों के साथ वार्तालाप कर पुनरावलोकन और समीकरण विषय की उपयोगिता को भी साझा किया तथा यह भी बताया कि यह एक ऐसा मंच है जहां शिक्षक अपनी कक्षा में जब कार्य करता है तो उसको जो चुनौतियां आती हैं उन चुनौतियों को एक साझा मंच के माध्यम से हल करने के लिए प्रयास करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होता है हम सबको मिलकर इस मंच का बच्चों की सीख को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

# पोषण परियोजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 27 दिसम्बर।** बालाजी गार्डन (पैलेस) विजयपुर में धरती ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति विजयपुर अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से जिला श्योपुर के विजयपुर ब्लॉक के 30 सहरिया बाहुल्य ग्रामों में सहारिया आदिवासी समुदाय के बीच कुपोषण को कम करना एवं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए कार्य कर रही है एवं स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना अंतर्गत युक्त कार्यक्रम के तहत धरती संस्था द्वारा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ कुपोषण, बाल विवाह एवं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य विषय पर नेतृत्व क्षमता एवं कौशल विकास को लेकर प्रशिक्षण हुआ संपन्न । प्रशिक्षण कार्यक्रम में दशरथ जी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, सरिता अहिरवार, सीताराम शर्मा जी , बनबारी सिंह, प्रियंका मौर्या, वीरेन्द्र कुमार कलस्टर को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## कॉलेज में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर।** शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्र फतेह सिंह जी तथा जोरावर सिंह जी के बलिदान के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर शिवानी वाल्मीकि, द्वितीय स्थान पर सत्यवीर बेरवा एवं तृतीय स्थान पर गौरव वैष्णव रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनिल तोमर ने किया।

# एकलव्य एवं कन्या परिसर में मनाया वीर बाल दिवस




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कराहल तथा कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को गुरु गोविंद सिंह जी के शहजादों की शहादत के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए तीन टांग की दौड़, चम्मच दौड़ तथा गुब्बारा दौड़ जैसे खेल का आयोजन भी किया गया। साथ ही लड़का लड़की समानता और वीर बालक पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संरक्षण अधिकारी विष्णुकांत दुबे ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को जानकारी दी कि यदि असुरक्षित महसूस महसूस करें तो 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन पर फोन कर सहयोग ले सकते हैं। प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती सुषमा सोनी ने बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए शपथ दिलाई। ममता संस्था के जिला प्रबंधक लल्लन प्रसाद गोंड ने महिला पुरुष समानता के बारे में बताया।

अंत में सभी विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र तथा शील्ड प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक जायसवाल, खेल शिक्षक शशि बघेल और विनय वैष्णव के साथ समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। इसी प्रकार कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्य सुश्री कामिनी पाठक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहें।

# कई अपराधों की जांच में पुलिस को मिली कामयाबी



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल सभी थाना प्रभारियो को मवेशी चोरी, लूट पर अंकुश लगाये जाने एवं चोरी लूट की गए मवेशी वरामद करने एवं आरोपियो को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में अकि, पुलिस प्रवीण भूरिया की मानीटरिंग में थाना गसवानी पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर से कार्यवाही करते हुए वस स्टेन्ड कन्हार से 2000-2000 रुपये के आरोपीगण दिलीप पुत्र बाबूसिंह गुर्जर निवासी मूसाकी थाना तिघरा जिला ग्वालियर व भारत पुत्र गुलाव गुर्जर निवासी लखनपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की ।20 नवम्बर को फ रियादी अंगद धाकड़ पुत्र स्व प्रभूदयाल धाकड़ उम्र 65 साल निवासी बुद्धेरा थाना गसवानी ने पुलिस रिपोर्ट की कि मे ग्राम बुढेश मे रहकर अपनी भैसे (मवैशी) पालन कर गुजर बसर करता हूँ दिनांक 19.11.2025 सुबह 11.00 बजे की बात होगी मै अपने घर ग्राम बुढेरा से अपनी 12 नग छोटी बडी भैसे जिनमें एक छोटा पड़ा भी था को लेकर घराने के लिये अकेला कोहिला के जंगल के पास ले गया था और अपनी भैसे घरा रहा था तभी धन्नी गुर्जर निवासी लखनपुरा के हुं

भारत गुर्जर निवासी गोटपुरा अपने साथ बन्दुक लिये हुये व दिलीप गुर्जर निवासी मुसाकी अपने साथ एक लाठी लिये हुये व एक अन्य साथी जिन्हें में जानता नहीं हुं चारो मेरे पास आये और मुझे पकड़ लिया। फ़िर मुझे धन्नी गुर्जर व भारत में बन्दूक दिखाकर धमकी दी कि तू अपनी जैसे लेकर हमारे साथ पल नहीं तो हम तुझे गोली मार देंगे तब मैं उनके डर से उनके साथ देवरा की डांग तक जंगल में भैसे लेकर साथ गया जहां उन्होने शाम करीब 04.00 बजे मुझसे मेरी 12 नग छोटी वडी भैसो की कीमती करीबन 6,50,000 रुपये (छलाख साठ हजार रुपये है ) धन्नी गुर्जर निवासी लखनपुरा व भारत गुर्जर निवासी गोटपुरा व दिलीप गुर्जर निवासी मुसाकी व उसका एक अन्य अज्ञात साथी मुझसे मेरे भैसे छुड़ाकर ले गये है जिस पर से थाना हाजा पर अपराध क्र. 70/2025 धारा 309 (4) बीएनएस, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया ।पुलिस की कार्यवाही घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल, एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित थाना प्रभारी गसवानी उनि रीना राजावत को शीघ्र घटना में संलिप्त आरोपियों को दवोच कर लूट में प्रयुक्त हथियार वरामद करने के निरदेश दिये साथ ही आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किये जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस द्वारा मुखविर तंत्र की सहायता से थाना गसवानी पुलिस द्वारा अप क्र. 70/25 धारा 309(4) वीएनएस 11/13 एमपीडीपीके एक्ट वढाई गई धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में प्रयुक्त हथियार को वरामद करने व 2000-2000/- रुपये के इनामी आरोपीगण दिलीप पुत्र बाबूसिंह गुर्जर निवासी मूसाकी थाना तिघरा जिला ग्वालियर व भारत पुत्र गुलाव गुर्जर निवासी लखनपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर को गिरफ्तार उनते कब्जे से हथियार वरामद करने में सफ्लता प्राप्त की है। घटना में संलिप्त शेष आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र की जायेगी ।

गिरफ्तार आरोपीगण - 01. दिलीप पुत्र बाबूसिंह गुर्जर निवासी मूसाकी थाना तिघरा जिला ग्वालियर 02. भारत पुत्र गुलाव गुर्जर निवासी लखनपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर बरामदगी हाथ की बनी एक बन्दूक व एक अधिया । सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही मे उनि रीना राजावत थाना प्रभारी गसवानी, सउनि नरसिंह मावई प्र.आर. 316 जगदीश सिंह प्र. आर. 383 देवेन्द्र गुर्जर, सिंह, प्र. आर. 423 धर्मेन्द्र आर. 221 हरीशचन्द्र आर. 454 मोहन दांगी, आर. 163 रिंकू गोले, आर. 242 शिवजी रावत म. आर. 608 रुचि शर्मा थाना गसवानी श्योपुर आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# कूनो के नैसर्गिक सौन्दर्य को देख अभिभूत हुए स्कूली छात्र




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** सामान्य वनमंडल श्योपुर द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम के तहत आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के हाईस्कूल गोरस तथा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कराहल के बच्चों द्वारा देव खो का भ्रमण किया गया। इस दौरान कूनों के नेसर्गिक सौन्दर्य को देख अभिभूत हुए बच्चों द्वारा जंगल और वन्य प्राणियों के संबंध में अपनी बाल सुलभ जिज्ञासाओं का वन महकमे के अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। इस अवसर पर जंगल और वन्य प्राणियों पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्नो की प्रतियोगिता सहित चित्रकलां प्रतियोगिता आयोजित की गई। सहभोज के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रकृतिपथ का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल गोरस के प्राचार्य अजय रावत सहित विद्यालयो के शिक्षक एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली बच्चों को पक्षी दर्शन करवाये गये तथा अनुभूति मास्टर ट्रेनरों द्वारा नैचर ट्रेक पर पेड़-पौधों, घांस, औषधीय पौधों की पहचान करवाई गयी तथा उनके उपयोग से अवगत कराया। वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला, दीमक की बामी, तेन्दूपत्ता संग्रहण की जानकारी, महुआ के फूल, फल एवं बीज के उपयोग, नदी-नालों में जल का प्रवाह, भू-जलसंरक्षण एवं गिद्ध से सम्बंधित जानकारी दी गई। कैम्प में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को कैप, बोतल, डायरी एवं पेन वितरित किये गये तथा सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये तथा शपथ उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मैन्यू अनुसार भोजन नही देने पर नोटिस जारी



**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा आज आंगनबाड़ी केंद्र मयापुर ए एवं बी तथा फतेहपुर ए का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन क्रॉस चेक किया गया तथा मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया गया, इस दौरान मयापुर के आंगनबाडी केन्द्र-ए एवं बी में जय भीम स्वसहायता समूह को मैन्यू अनुसार खाना नहीं देने पर नोटिस जारी किया गया, मयापुर में रिकॉर्ड संधारण नहीं करने पर कार्यकर्ता को नोटिस जारी किया गया।

# सांदीपनि विद्यालय में मना वीर बाल दिवस




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में वीर बाल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया।

वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया तथा कम आयु में बलिदान होने वाले वीर बालको के साहस को नमन किया। विद्यार्थियों में वीरता एवं देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दीपा गौड़ कक्षा 7 प्रथम, दीपिका सेन कक्षा 8 द्वितीय एवं प्रियांशी बैरवा कक्षा 8 तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों ने वीर बालकों के बलिदान को रंगों और संदेशों के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य अमित चंदिल द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 106 का प्रारंभिक चयन, ऑफर लेटर दिये




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** जिला रोजगार कार्यालय श्योपुर एवं ग्रमीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसिशिप का आयोजन शासकीय आई. टीआई परिसर श्योपुर में किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी आशीष जैन, प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई सोनु पाटीदार, जिला प्रबंधक स्कील्स प्रमोद राय एवं जिला प्रबंधक सुक्ष्म वित्त एनआरएलएम अभिषेक भाले आदि उपस्थित थे। रोजगार मेले के दौरान 157 युवको का प्रारंभिक चयन किया गया।

युवा संगम कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों द्वारा सहभागिता करते हुए 106 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन कर उन्हे ऑफर लेटर प्रदान किये गये। इस दौरान चौकमेंट सर्विस प्रा. लि. गुजरात द्वारा 09, क्रिसफी ए.के. ओटोमेटिक्स माइक्रो टूरिज्म ग्रुप नोयडा द्वारा 08, जी.फॉर एस. सिक्योर सोलूशन प्रा.लि. जयपुर राजस्थान द्वारा 14, गैल इंस्टीटयूट ऑफस्किल्स, गुना द्वारा 32, ग्रेट आर्गोनिक डायमंड प्राईवेट लिमिटेड सागर द्वारा 14, ईगल सिक्योरिटी सर्विस शिवपुरी द्वारा 29, एस बी.आई लाईफइन्शोरेश श्योपुर द्वारा 17, भारतीय जीवन बीमा निगम श्योपुर द्वारा 14, जनशिक्षण संस्थान श्योपुर द्वारा 20 को को रोजगार प्रदान किया।

# अपराजिता कार्यक्रम में आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण जारी



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अपराजिता कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में जुडो कराटे का आत्मरक्षा प्रशिक्षण जारी है। यह प्रशिक्षण आदिवासी विकासखण्ड कराहल मुख्यालय स्थित एकलव्य स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराहल एवं कन्या शाला स्कूल कराहल में प्रदान किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण 15 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें विद्यालयों की छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक दुर्गेश सिंह चौहान द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय सिखाए जा रहे हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एकलव्य स्कूल में 173, उत्कृष्ट विद्यालय कराहल में 140 तथा कन्या शाला कराहल में 130 बालिकाओं द्वारा प्राप्त किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता कल से

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसंबर।** वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता-2026 एवं इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रथम चरण में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 29 एवं 30 दिसंबर को शासकीय आईटीआई कॉलेज श्योपुर में आयोजित की जा रही है। प्राचार्य आईटीआई श्योपुर सोनु पाटीदार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता दो पालियों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 02 बजे से सांय 04 बजे तक आयोजित होगी। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9981939361 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पाण्डोला में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**श्योपुर।** आयुष विभाग द्वारा पाण्डोला आदिवासी बस्ती में स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ सुग्रीव मीणा, कंपाउडर चेतनप्रकाश रावत एवं श्याम धाकड द्वारा 18 वृद्धजन सहित 39 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया।

# 10 लीटर हाथ भट्टी अवैध मदिरा जप्त



नवभारत न्यूज
श्योपुर, 27 दिसम्बर। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरबार के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि आबकारी वृत श्योपुर के रतोदन और हीरापुरा क्षेत्र में दबिश दी गई, आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 3 प्रकरण दर्ज किये गये, लगभग 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 650 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 67500 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, विकास श्रीवास्तव एवं अन्य आबकारी बल मौजूद रहा।

# कराहल में गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए शिविर



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्त्री रोग विशेषक डॉ. कृतिका और डॉ अंजली जांगिड़ के नेतृत्व में 23 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चौकअप किया गया, जिसमें 06 महिलाएं हाईरिस्क के रूप में चिन्हित की गई। इन महिलाओं को उचित उपचार करते हुए परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को सलाह दी गई कि खून की कमी की पूर्ति के लिए फोलिक एसिड गोली, आयरन की गोली का सेवन गर्भावस्था समय में रोज करना चाहिए एवं गर्भावस्था की समस्त जांचे नियमित समय पर करवाना अनिवार्य है जिससे मां और होने वाले बच्चें की नियमित स्वास्थ्य देखभाल को सकें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना द्वारा उक्त शिविर का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## शिक्षा हमें अंधकार और अज्ञानता से बचाती है: सोनी

भिण्ड। शिक्षा जरूरी है क्योंकि यह ज्ञान, कौशल और महत्वपूर्ण सोच विकसित करती है, जो व्यक्तिगत विकास, बेहतर करियर, आर्थिक स्थिरता और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए आवश्यक है, यह अंधविश्वास और अज्ञानता से बचाती है और व्यक्ति को आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाती है. यह हमें दुनिया को समझने और समस्याओं का समाधान खोजने में मदद करती है यह बात मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने शासकीय सीनियर वाला का छात्रावास में छात्रों को ट्रैकसूट वितरण व संबंधित कई जानकारियां दी।

## द्वारिका सोमनाथ यात्रा के लिए आज करे आवेदन 200 यात्रियों का कोटा, लाटरी से होगा चयन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसम्बर।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले को द्वारिका सोमनाथ तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए 200 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। यह तीर्थ यात्रा 11 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए 28 दिसंबर 2025 तक आवेदन किये जा सकते है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र श्योपुर नगरीय एवं ग्रामीण के लिए आवेदन जिला पंचायत श्योपुर में तथा अन्य सभी तहसील क्षेत्रों के आवेदन संबंधित तहसीलों में प्राप्त किये जा रहे है। यात्रा पर जाने के इच्छुक ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है, महिला यात्री के संबंध में दो वर्ष की छूट दी गई है तथा आयकरदाता नही है, वे 28 दिसंबर तक निर्धारित स्थानों पर अपने आवेदन जमा करा सकते है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कोटे से अधिक संख्या में आवेदन आने पर लाटरी पद्धति से यात्रियों का चयन किया जायेगा। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को नोडल बनाते हुए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। यात्रियों का चयन उक्त कमेटी द्वारा कम्प्युटराइज्ड लाटरी प्रक्रिया अपनाकर किया जायेगा।

## विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 दिसंबर।** सांदीपनि विद्यालय के व्यवसायिक पाठयक्रम के विद्यार्थियों द्वारा आज औद्योगिक भ्रमण के तहत दुग्ध उत्पाद केन्द्र का अवलोकन किया गया। प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड आईटी एवं ईटी के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण हेतु कनापुर रोड पर संचालित दुग्ध उत्पाद केंद्र का अवलोकन कराया गया। दुग्ध उत्पाद केन्द्र के संचालक जयदीप चौधारी द्वारा मशीनरी के संचालन तथा दूध से बनाये जाने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षक राघवेंद्र तिवारी एवं शुभम शर्मा उपस्थित रहे।